# शताब्दी गौरव

SWITCH TO A BETTER WORLD

वर्ष: 26 | अंक: 24 | पृष्ठ: 28 | मूल्य: ₹3 ■ मुंबई | पाक्षिक | 1-15 फरवरी, 2025 ■ संपादक: सिद्धराज लोढ़ा


# गोड़वाड़ बना डेस्टिनेशन वेडिंग का हब

## रणकपुर, जवाई, माउंट आबू के रिसॉर्ट, होटलों सहित हवेलियों व महलों में शादियों का बढ़ता चलन



सिद्धराज लोढ़ा

**शताब्दी गौरव**

फालना। विवाह का सीजन चल रहा है और गोड़वाड़ इलाका मारवाड़ी समाज की पहली पसंद दिख रहा है। इस विवाह के सीजन में बाहर से आकर गोड़वाड़ में कई शादियां हो रही है। गोड़वाड़ इलाका, जो अपनी प्राकृतिक सुंदरता और जवाई लेपर्ड सेंचुरी के लिए जाना जाता है, अब डेस्टिनेशन वेडिंग का एक प्रमुख हब बनता जा रहा है। यह इलाका अपनी अद्वितीय सुंदरता और शांत वातावरण के कारण शादियों के लिए एक आदर्श स्थान बन गया है। सिर्फ इस सीजन में 300 से अधिक डेस्टिनेशन वेडिंग गोड़वाड़ में हो रही है। गोड़वाड़ इलाके में स्थित माउंटआबू, रणकपुर और जवाई लेपर्ड सेंचुरी प्रमुख आकर्षण है, तो यहां के किले, महल, रावले और हवेलियों का भी आकर्षण गजब है, जो शादियों के लिए एक अनोखा और रोमांचक स्थान प्रदान करते है। गोड़वाड़ अपनी मातृभूमि तो है ही, अब विवाह के आयोजन पर एक अद्वितीय और यादगार अनुभव प्रदान करने लगा है।

गोड़वाड़ इलाके में डेस्टिनेशन वेडिंग की बढ़ती लोकप्रियता के कारण यहां कई लक्जरी रिसॉर्ट और होटल स्थापित किए गए हैं। फालना गांव, नारलाई, देसूरी, घाणेराव, नाना, बेड़ा और अन्य राजपूती शान की हवेलिया, रिसॉर्ट और होटल शादी के अवसर पर विशेष सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करते हैं, जो शादी के अनुभव को और भी यादगार बनाती हैं। गोड़वाड़ इलाके में डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए कई अन्य आकर्षण भी हैं, जैसे कि प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण, और स्थानीय संस्कृति। यह इलाका शादी के अवसर पर एक अद्वितीय और यादगार अनुभव प्रदान करता है, जो जीवन भर याद रखा जाता है। गोड़वाड़ की अर्थव्यवस्था किसी भी और शहर के मुकाबले अफोर्डेबल होना एवं व्यावसायिक मुनाफा भी कम होना यहां के वैवाहिक आयोजनों को बड़े शहरों की अपेक्षा कम खर्चीला और माहौल की वजह से आनंदित बनाता है। इसीलिए मुंबई, पुणे, सूरत, अहमदाबाद, बैंगलोर, हैदराबाद, कोयम्बटूर और चेन्नई से भी वहां जाकर डेस्टिनेशन वेडिंग करने वालों की संख्या बढ़ रही है और इससे गोड़वाड़ की अर्थव्यवस्था को भी मज़बूती मिल रही है।

## गच्छाधिपति विजय नित्यानंद सुरीश्वरजी को पद्मश्री से विभूषित किया जाएगा



नई दिल्ली। भगवान महावीर स्वामी की गुरु आत्म - वल्लभ पाट परंपरा के 77वें पट्टधर एवं पंजाब केसरी आचार्य विजय वल्लभ सूरि समुदाय के वर्तमान गच्छाधिपति शातिदूत, जैनाचार्य श्रीमद् विजय नित्यानंद सुरीश्वर जी महाराज साहब को भारतीय गणतंत्र के 76वें वर्ष 2025 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान में गणनीय पद्म श्री द्वारा विभूषित करने की घोषणा की गई है।

















The New Gen 3-in-1
Charging Solution
The Qi2 3-in-1 Multifunctional Wireless Charger offers dedicated charging areas for your mobile phone, Apple Watch, and earbuds, with a 15W maximum output for fast charging. Featuring strong magnets with an anti-slip base, the chargers ensure stability during use. The 180° touch rotation and 60° tilt offer convenience. The product has impeccable design and superior built quality to complement the fast-paced and ever-stylish lifestyle of the youth.
GM
SWITCH TO A BETTER WORLD
80% Charged
qi2
GM
Qi2 iSmart 3-in-1Magnetic Wireless Charger with Automatic Rotation
BUY NOW ON
amazon
Modular Switches • Touch Switches • Wi-Fi Switches • Home Automation Solutions • Bluetooth Music System
Video Door Phones • LED Lighting • Wires & Cables • PVC Pipes & Fittings • DBs, MCBs & RCCBs • Fans & Appliances
www.gmmodular.com | info@gmmodular.com |

DL LAKHANI

**Dewang Lakhani**
**9819384241**

*Beyond Celebrations...*



*With Best Compliments From*

- LAKHANI CATERERS
- LAKHANI TRADERS
- LAKHANI CATERING
- LAKHANI HOSPITALITY
- NITYA INC

LD Lakhani Decorator

**Rajesh Lakhani**
**9820084241**

**OUR PANEL :** • **SAYA RESORT** (BHIWANDI) •**TULIP STAR** (JUHU, VILE PARLE W) •**NSCI**(WORLI) • **QUEENS LAWN** (BORIVILI W)

**OUR ASSOCIATES** • **BAYVIEW** (MAZGAON) • **KUTCHI GROUND** (BORIVILI W) • **PARSEE GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **KORA KENDRA GROUND** (BORIVILI W) • **WILSON GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **PUSPANJALI GROUND** (BORIVILI W) • **ISLAM GYMKHANA** (MARINE DRIVE) • **SRPF GROUND** (JOGESHWARI E) • **SOMAIYA GROUND** (GHATKOPAR) • **JVPD** (JUHU,VILE PARLE W)

## MOGRA

Banquet by D Lakhani Hospitality / Rajiv Gandhi Institute, Versova Link Road, (Andheri West).




**BANQUET • CATERING • DECOR • HOSPITALITY**






## LAKHANI BANQUET

Managed By D Lakhani Hospitality
(Malad West)

**Office No 6, 1st Floor, Kutch Castle Building, Opp.Tiwari Sweets, Opera House, Mumbai - 400004.**

**Follow Us On** **D LAKHANI HOSPITALITY** **http://dlakhanihospitality.com/**



# जीतो जुहू चैप्टर द्वारा 'स्वास्थ्यवर्धनम्' का आयोजन



मुंबई। जीतो जुहू चैप्टर द्वारा नानावटी अस्पताल में आयोजित 'स्वास्थ्यवर्धनम्' कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित एवं नवकार मंत्र से हुआ।

कार्यक्रम के दौरान देश के विख्यात डॉक्टरों ने लिवर जागरूकता पर जानकारी दी जो स्वास्थ्य, शिक्षा, निवारक देखभाल पर केंद्रित थी। इस कार्यक्रम में जीतो के सदस्यों सहित 140 से अधिक प्रतिभागीयों ने हिस्सा लिया। 58 लोंगों की निःशुल्क स्क्रीनिंगए फाइब्रोस्कैन परीक्षण किए गए। यह कार्यक्रम कई लोगों के लिए एक चेतावनी थी कि वे लीवर के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दें। डॉ. हार्दिक शाह, डॉ. आलिशा ने प्रारंभिक लिवर देखभाल, आहार संबंधी सुझाव और जीवनशैली संबंधी मार्गदर्शन किया। इसके साथ ही तीन डॉक्टरों के पैनल नें सदस्यों के साथ उनके द्वारा पूछे गऐ सवालों के जवाब दिये। जीतो जुहू चेप्टर के चेयरमेन कांतिलाल मेहता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि जीतो जुहू चेप्टर द्वारा स्वास्थ्यवर्धनम् आयोजन सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। इस समारोह में विशेष अतिथि जीतो एपेक्स सेक्रेट्री जनरल सीए ललित डांगी, डायरेक्टर हितेश मेहता, जीतो एपेक्स मेंबरशिप कमिटी चेयरमेन घनश्याम मोदी, जीतो एपेक्स के पूर्व ट्रेजरार दिलीप नाबेरा, मुंबई जोन के वाइस चेयरमेन रमेश रांका, अनिल सेहलोत, राकेश कवार के साथ ही जुहू चेप्टर कोर कमेटी के सदस्य उपस्थि थे। जीतो जुहू चेप्टर सेक्रेट्री श्रीमती सुनिता परमार ने ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।



# 'परिवार में प्यार हो' देखकर दर्शको के नयन हुए नम



भायंदर। निर्माता युगराज जैन द्वारा निर्मित व उषा जैन, श्रवण जैन द्धारा निर्देशित फिल्म 'परिवार में प्यार हो' का प्रिमियर शो भाईन्दर के मॅक्सस सिनेमा हॉल में हुआ। पहले प्रिमियर शो का उद्घाटन मॅक्सज माल के रशेष मेहता व हरीश पी. जैन ने फिता काट कर किया। इस अवसर पर फिल्म के निर्माता, गीतकार, लेखक, अभिनेता युगराज जैन व मुख्य भूमिका निभाने वाले कलाकार केयूरी शाह, कुंदन शाह, आशा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। फिल्म देखकर निकले दर्शको के नयन नम थे, वर्तमान में पारिवारिक संबंधों में आ रहे मनमुटाव की समस्या तथा उसके समाधान का बखूबी से वर्णन किया गया है।

फिल्म के गीत और संवाद हद्धयस्पर्शी, मार्मिक व मनो मस्तिष्क पर प्रभाव डाल मनन करने योग्य है। फिल्म के प्रारंभ से लेकर अंत तक फिल्म की गति व पटकथा दर्शकों को बांधे रखने में कामयाब हुई है, पति पत्नी के बीच हो रहे तलाक में संतान किस तरह पीसती है,उस समस्या का समाधान इस फिल्म का अहम पहलू है जो हर दर्शक को चिन्तन करने के लिए मजबूर कर देता है।

फिल्म के हर कलाकार ने अपना किरदार बहुत सटीक व यादगार निभाया, गेटअप, ड्रेसअप, फिल्मांकन, अभिनय लाजवाब जिसे देखकर हर कोई दर्शक वाह-वाह कहने लगा। जिन्होंने भी फिल्म देखी उनकी एक ही प्रतिक्रिया थी कि वर्तमान में पारिवारिक प्रेम कायम रखने व बिखरते टुटते रिश्तों में आई दरार में प्रेम के करार का विश्वास भरने 'परिवार में प्यार हो' जैसी फिल्म हर एक शख्स को देखनी चाहिए। इस फिल्म को भाईन्दर में प्रदर्शित करने में भरत कोठारी एवं ललित परमार का सराहनीय योगदान रहा।

**Punit Surana**

**Associated with leading developers**

- Avighna
- Lodha
- Kalpataru
- Gundecha
- Wadhva

**Tie ups**

- Home Loans
- Documentation
- Leasing

McCOM Property Consultatnts

MahaRERA Regn.No.:A51900007621

Residential - Commercial & Warehousing

Shop# 20, 1st Floor, Avighna IX, Opp. Ganesh Gally, Dr. B.A. Road, Lalbaug, Mumbai - 400 012

Tel.: (022) 24710819 Email: mipl.punit@gmail.com

022 6931 5114

RUNWAL
Since 1978
With you, always...

WELCOME HOME TO
AN EXTRAORDINARY LIFE.



Actual East View From 210 m.



GRAND CLUBHOUSE



JAIN TEMPLE



PODIUM DECK

Artist's Impression

7 MAHALAXMI

LIVE EXTRAORDINAIRE.

JAIN TEMPLE WORK IN PROGRESS

2, 3 & 4# BHK LUXURY RESIDENCES STARTING AT ₹4.07 CR*

#JODI APARTMENTS AVAILABLE.

*T&C APPLY.

At the junction of N. M. Joshi Marg & Sane Guruji Marg

A grand clubhouse of about 65,000 sq. ft. & ~1.5 acres of podium amenities

Exceptional 11 ft. floor to ceiling clear height

Construction in full swing

www.7mahalaxmi-runwalgroup.com

Site Address: 7 Mahalaxmi, Junction of N. M. Joshi Marg & Sane Guruji Marg, Mumbai 400 011.

This project has been registered via MahaRERA Registration No. PR1170002400011, available on http://maharera.mahaonline.gov.in

7 Mahalaxmi is a project being developed in phase wise manner jointly by Runwal Real Estates Pvt. Ltd. and Shreepati Build Infra Investment Limited. The offer is valid for a limited purpose only and on select apartments and the promoter reserves the right to modify or withdraw the same. This material does not constitute an offer and/or contract of any type between the owners and the recipient. Any purchaser/allottees of this project shall be governed by the terms and conditions of the booking form and agreement for sale to be entered into between the parties and no details mentioned in this material shall in any way govern such transaction. The project may undergo variations pursuant to change in plans, permissions and approvals of relevant authorities as per the prevailing government norms. The project is financed by IndusInd Bank Limited.

ShreepatiGroup
Reaching new skies
Since 1984

# विद्यावाड़ी का वार्षिकोत्सव आयोजन 'स्पंदन' संपन्न



**शताब्दी गौरव**

खिमेल। मरुधर महिला शिक्षण संघ, विद्यावाड़ी का वार्षिकोत्सव 'स्पंदन' विद्यावाड़ी परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हितेश एस. जैन (एडवोकेट), वीणा हितेश जैन, पुलिस उप-महानिरीक्षक प्रदीप मोहन शर्मा उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संस्था अध्यक्ष कांतिलाल एन. मेहता ने स्वागत संबोधन दिया। कार्यक्रम में संस्था सचिव कैलाश टी. कावेडिया द्वारा प्रतिवेदन की प्रस्तुति दी गई तथा संस्था अध्यक्ष कांतिलाल एन. मेहता ने रतनचन्द ओसवाल को साफा पहना कर स्वागत किया। रतनचन्द ओसवाल के हाथो डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया। सभी ट्रस्टीगण, मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथियों द्वारा 'अभिव्यक्ति' का विमोचन हुआ। तत्पश्चात संस्था के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष कांतिलाल एन. मेहता, उपाध्यक्ष चन्दन परमार, कांतिलाल एम. मेहता, अरविन्द राणावत, मंत्री कैलाश टी. कावेडिया, सहमंत्री श्रीमती चंद्रा मेहता, सह-कोषाध्यक्ष भरत राठोड़, पदेन (पूर्व अध्यक्ष) पोपटलाल सुन्देशा तथा कार्यकारणी के सदस्य सहित कई गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था चिफ रिलेशन ऑफिसर अल्का चौधरी एवं समस्त विद्यावाड़ी परिवार का सराहनीय योगदान रहा। अंत में संस्था सचिव कैलाश टी. कावेडिया द्वारा सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।










## शा. तिलोकचन्दजी हजारीमलजी मुठलिया

**रानीगांव / मुंबई**

OLYMPIA GAMES AND TOYS

Since 1952

# OLYMPIA GAMES & TOYS PVT. LTD

**Manufacturer & Distributors of:**
**Toys, Games, Back to School Products & Children Related Items**

101, Bhavya Apartment, 5th Road, Khar (W), Mumbai - 400052
Email: ogt.rtp@gmail.com
**Mobile : 98200 19756 / 98200 19758 / 98200 49758 / 98200 19757**


MAXUS DOME
Jain Caterers
Delicious Innovations
Luxurious Grandeur
of Celebrations
BOOK NOW
+91 8080736222
Largest Pillarless Banquet in Mira-Bhayander.
Accommodation of 500 to 2000 Guests.
Luxurious Stay Up To 100 Guests.
6th floor, Maxus Mall Rd, Temba Road,
Padmavati Nagar, Bhayandar West,
Mira-Bhayandar

# मुलचंदजी शाह का व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणादायक है - राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन

## शाह के माय पोस्ट टिकट का विमोचन

शताब्दी गौरव

मुंबई। मुलचंदजी शाह का व्यक्तित्व सभी के लिए प्रेरणादायक है यह उद्गार महाराष्ट्र के महामहिम राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र पोस्टल सर्कल महापेक्स 2025 द्वारा राज्य स्तरीय फिलाटेली एक्सीबिशन एक्स्पो सेंटर, वर्ल्ड सेंटर, कफ परेड में आयोजित तीन दिवसीय एक्जीबिशन समारोह के पहले दिन मुलचंदजी शाह के माय टिकट विमोचन के अवसर पर प्रकट किये। समारोह को केद्रीय संचार एवं सूचना प्राद्योगिक मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने विडीओं कॉन्फरेन्स से अपने संबोधन में कहा कि मूलचंद शाह के लिए यह एक छोटी सी श्रद्धांजलि है। उनका कर्मभूमि एवं मातृभूमि के प्रति लगाव हम सबके लिए प्रेरणा दायक है। समारोह में कई देशों के कॉन्सुलेट जनरल, विजय कलंत्री, टाइम्स ऑफ इंडिया के वाइस चेयरपर्सन सहित कई उद्योगपति एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मॉस्कोट इंटरनेशनल के डायरेक्टर माणिकलाल शाह ने महामहिम राज्यपाल एवं गोवा एवं महाराष्ट्र के चीफ पोस्ट मास्टर जनरल अमिताभ सिंह का माय टिकट जारी करने के लिए आभार व्यक्त किये। श्री शाह ने राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। ज्ञात रहे कि मूलचंद शाह की 100वीं जन्म जयंति पर मुंबई के होटल ताज में आयोजित एक भव्य समारोह में कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया गया था। श्री शाह के जन्म जयंति पर यह दुसरा बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मैस्कॉट इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर माणिक लाल शाह ने अपने पिता के विरासत को आगे बढ़ाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने जवाली गांव में बैंक की जरुरत को समझते हुए एक बैंक भवन बनाया है। इसे उन्होंने गांव को समर्पित किया है। उससे होने वाली आय को गांव के विकास के लिए उपयोग किया जा रहा है। जवाली में पोस्ट ऑफिस भवन, स्कूल और कॉलेज में स्टूडेंट को छाया देने के लिए शेड, सेठ गेनमल अस्पताल में डॉक्टरों और मरीजों की सहूलियत के लिए अत्याधुनिक सुविधा, परेल स्थित तुलसी मानस मंदिर, तुलसी हिन्दी माध्यमिक विद्यालय एवं जूनियर कॉलेज को नवजीवन देने और अन्य कई सामाजिक, शैक्षणिक और धार्मिक संस्थानों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके इस पहल में धर्म पत्नी उषा शाह, बेटी खुशबू शाह, दामाद आश्रय शाह, बेटा मानव शाह, पूत्रवधू निधि शाह का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे परिवार ने मूलचंद शाह के सामाजिक, धार्मिक, शैक्षणिक और औद्योगिक विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है।









जन्म शताब्दी पर स्व. मूलचंदजी शाह की जीवनी पर आधारित कॉफी टेबल बुक का भव्य लोकार्पण




## स्व. मुलचंदजी गेनमलजी शाह - एक नजर में

स्वर्गीय श्री मूलचंदजी शाह का जन्म 5 सितम्बर 1924 को पाली जिले के जवाली गांव में हुआ। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा जवाली मे कि एवं आगे की पढ़ाई के लिए 12 साल की उम्र में अपने पिता के साथ मुंबई आ गए। मुंबई में परेल के एक रिटेल स्टोर में दो साल तक नौकरी की। 14 साल की उम्र में उन्होंने थोक बाजार से सामग्री लाना और सीधे उपभोक्ता को वितरित करना शुरू कर दिया। वह बहुत मेहनत करते हैं. उन्होंने हाथ से कार्ड निकाला था और अपना कारोबार भी साइकिल से किया था. कुछ महीनों के बाद, वह हिंदुस्तान लीवर के थोक व्यापारी बन गए और फिर वह उनके साथ बने रहे, वह अपने कैरियर में अपनी मृत्यु तक हिंदुस्तान लीवर के साथ व्यापार करते रहे। वह कैडबरी जैसी विभिन्न कंपनियों के वितरक बन गए। पारले जी. अम्माद उमर बॉय ब्रिटानिया. और यहां तक कि पीएनजी के हिंदुस्तान लीवर के मुख्य वितरक थे। उन्हें अपने गांव जवाली से बहुत लगाव था और वे जवाली को सबसे आधुनिक शहर के रूप में देखना चाहते थे। यही कारण है कि उनके जीवन के अंतिम पांच वर्ष जवाली के विकास के लिए वे पूर्ण रूप से समर्पित थे। वह एक नेता और बड़े दुभाषिया थे। इसके अलावा, वह एक बड़े सामाजिक कार्यकर्ता थे, उन्होंने अपनी कर्मभूमि एवं जन्मभूमि दोनों जगह काम किया। वह मुंबई में छोटे-छोटे सामाजिक कार्य कर रहे थे, जैसे जरूरतमंद छात्रों को स्कूल यूनिफॉर्म की किताबें वितरित करना, फिर गणपति पंडाल और दुर्गा पूजा को प्रायोजित करना, लोगों को केएम अस्पताल से जुड़ने में मदद करना और गरीबों को दवा वितरित करने में भी मदद करना। उन्होंने अपने गांव और मुंबई के स्थानीय लोगों



दोनों से कई छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रायोजित किया, प्रशिक्षित किया, व्यवसाय से जुड़े कई लोगों को प्रायोजित किया। वह बड़े दिल से देखभाल कर रहा था। उन्होंने अपने गांव में अस्पताल बनवाया और सरकार को सौंपने से पहले कई वर्षों तक इसे अपनी निधि से चलाया। उन्होंने गांव जवाली में स्कूल के निर्माण के लिए विभिन्न लोगों और संगठनों से धन एकत्र किया, साथ ही पहाड़ी पर गांव के केंद्र में जवाली में महालक्ष्मी मंदिर के निर्माण में भी एक साधन बने, वे 18 वर्ष तक जवाली ग्राम पंचायत के सरपंच रहे। अपने सरपंच के कार्यकाल के दौरान, वह अपने पास से ग्रामीणों को पानी वितरित करते थे अपने स्वयं के कुएं में उन्होंने पानी को संग्रहित करने और फिर अपने साथी ग्रामीणों को वितरित करने के लिए एक उचित ओवरहेड टैंक का निर्माण किया था। राजस्थान सरकार ने उनके सम्मन में ठारीया बांध का नाम मुलसागर सरोवर रखा।

बीएमसी ने कालाचौकी में मूलचंद शाह के नाम पर चौक भी बनाया है। इसके अलावा, उन्होंने अपने गांव जवाली में बिजली की लाइन लाने के लिए भी बहुत मेहनत की। वह टेलीफोन लाइन लाने में भी सहायक बने, जवाली जैसे छोटे से गांव में उन्होंने मुझे और मेरे परिवार को हमेशा सामाजिक कार्य करने के लिए प्रेरित किया, उनके जाने के बाद पूरा परिवार सामाजिक कार्यों में लगा हुआ है, वह राजस्थान में कई संगठनों के प्रतिनिधि रहे हैं और मुंबई में भी कई संस्थाओं से जुड़े रहे। उनका निधन 20 मार्च 1982 को हुआ। उनके परिवार में पत्नी चंपाबेन मूलचंदजी शाह और पांच पुत्र फतेचंद मूलचंदजी शाह, स्व. अशोक दलीचंदजी मूलचंदजी शाह, मोतीलाल मूलचंदजी शाह, माणिकलाल मूलचंदजी शाह, स्व. चंद्रमोहन मूलचंदजी शाह एवं पुत्री श्रीमती फुलवंती बेन मिलापचंदजी रांका है।



# STUDENT HOUSING
## APARTMENTS (Womens Hostel)

WITTY®



**Witty Juhu Vistas**
Vile Parle (W)



**Witty Neelkanth**
Malad (W)

**100% PURE VEG, SAFE & SECURED FACILITY FOR STUDENTS & WORKING WOMEN**

FULLY FURNISHED A/C ROOMS | DOUBLE / TRIPLE OCCUPANCY WITH ATTACHED BATHROOMS | CAFETERIA FACILITY | WELL-EQUIPPED LIBRARY | CCTV CAMERAS | AUTOMATED ACCESS CONTROL SYSTEM | GYMNASIUM | LAUNDRY SERVICES | HOUSEKEEPING FACILITY | INDOOR GAMES ARENA | ON CALL MEDICAL ASSISTANCE | OVEN / TOASTER / FILTERED WATER IN EACH APARTMENT

Head office: Witty Neelkanth Apartments, Ramchandra Lane, Malad (West), Mumbai 400 064

+91 86579 96021 / 22, +91 22 46160493 admin@wittyhostels.com www.wittyhostels.com

# दीनतारा ज्वेल्स प्रा. लि. ने गणतंत्र दिवस मनाया





**शताब्दी गौरव**

मुंबई। दीनतारा ज्वेल्स प्राइवेट लिमिटेड ने गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बीपिन जैन, राज जैन ने झंडावंदन किया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिनतारा ज्वेल्स द्वारा चाय और अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी जिसमें लगभग 2 हजार लोगों ने इसका लाभ लिया।



इस अवसर पर पायधुनी और एलटी मार्ग पुलिस स्टेशन के एसीपी विपी रोड पुलिस स्टेशन के सिनियर अधिकारी मा. नगरसेवक आकाश राज पुरोहित सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। ज्ञात रहे कि हाल ही में चौकसी विमल बुलियन एलएलपी के नये उपक्रम दीनतारा ज्वेल्स प्रा. लि. का शुभारंभ तांबा काटा में हुआ था।





# आभूषण के लिए मशहूर जयपुर की राजकुमारी ने की आभूषण टाइम्स की तारीफ

मुंबई। देश के प्रतिष्ठित जयपुर राजघराने की राजकुमारी गौरवी कुमारी ने आभूषण टाइम्स की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इंडियन ज्वैलरी इंडस्ट्री को इस प्रकार की बाजार को केंद्र में रखकर निकलने वाली निष्पक्ष पत्रिकाएं ही नहीं ऊंचाई प्रदान कर सकती है।

गौरवी कुमारी को आभूषण टाइम्स के सह संपादक राकेश लोढा ने वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल, जेमोलॉजिकल इंस्टीट्यूट ऑफ़ अमेरिका एवं जेम्स एंड ज्वेलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल ऑफ़ इंडिया के सामूहिक तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में यह पत्रिका भेंट की। बीकेसी स्थित जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित द आर्टीशन ज्वेलरी डिजाइन अवार्ड के एक विशेष समारोह के लिए गौरवी कुमारी मुंबई आई थी। इस आयोजन में जीजीपीसी के चेयरमेन विपुल शाह वाइस चेयरमेन किरीट भंसाली एवं प्रमोशन व मार्केटिंग के कन्वीनर मिलन




चोकसी सहित देश के कई जाने-माने ज्वैलरी ब्रांड के प्रमुख ज्वेलर्स भी उपस्थित थे। राकेश लोढ़ा ने गौरवी कुमारी से मिलकर पत्रिका भेंट करते हुए उन्हें आभूषण टाइम्स के बारे में जानकारी दी तथा गौरवी कुमारी के अभिप्राय पर बातचीत की। उल्लेखनीय है कि जयपुर राजघराने की ज्वेलरी दुनिया भर में मशहूर है एवं जयपुर शहर ज्वेलरी के मामले में देश में अहम स्थान रखता है इसके साथ ही गौरवी कुमारी को भी ज्वेलरी की गहरी समझ है।







खूबसूरत लोकेशन में आपके
डेस्टिनेशन शादी का सपना पूरा
LOTUS
-HOTEL & RESORT-
Shree Malang Road,
Wadi, Kalyan (East)
Managed by:
Since 1986
SUMITRA
CATERERS
Kishan Purohit
Abhimanyu Purohit
98200 85407
99200 85407



Late Sardarmal T. Parekh    Late Gajraben S. Parekh

**Mr. Ashokkumar S. Parekh • Mr. Girish Ashokkumar Parekh**

Mahaveer Foundation's
# PRESIDENCY
Limitless dreams. Endless commitment.
ICSE BOARD ✶ IGCSE BOARD



अशोककुमार एस. पारेख    श्रीमती चंद्रा ए. पारेख




Powered By SINGHANIA EDUCATION SESL

E-LEARNING DUE TO COVID-19
E-Homework
E-Lectures
E-Updates

ONLINE ADMISSION 2020-21
Grade
Nursery - 8th

**फुल्ली एक्विपड़ मॉडर्न सुविधाओं के साथ सभी साइज में आपके बजट के अनुसार (वोकेबल डिस्टेंस) स्टेशन के पास (फालना) राजस्थान**




Subhash Road, Falna (Raj.)

## OUR COMPLETED PROJECTS

• PAREKH APARTMENT • PAREKH PLAZA • DEEP HOMES
• DEEPALI RESIDENCY • DEEP AANGAN
• VISHWAJEET RESIDENCY

## AMENITIES LIST

- 24 Hrs. CCTV Surveillance
- AC in each Bedroom
- Flat Screen TV in Living Room
- Fridge in Kitchen
- Geyser in each Bathroom
- Aquaguard in Kitchen
- Power Generator Backup for Lift
- Electric Points in each Flat
- Lights of Good Quality
- Rain water Harvesting
- Solar System
- Earthquake Resistant Structure
- Electric Fitting Wires & Switches of reputed Brands
- Fan & Tube Light of Reputed Companies
- Plumbing Fitting of Reputed Brand
- Full Tiles in Bathroom
- Vitrified 2x2 Flooring Tiles
- Stilt Parking Intercom Facility

**गोडवाड़ की औद्योगिक नगरी फालना स्टेशन में**

# पारेख मॅरेज लॉन्स

**शादी, जन्म दिन, शादी की वर्षगांठ और सभी प्रकार के त्योहार और इव्हेन्ट नवरात्री, होली, नववर्ष और अन्य त्योहारों के लिए।**







**सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध है :**

• इस लॉन्स में अच्छी हरयाली • 500 से 700 लोगों की क्षमता • 40 फुट 3 15 फुट का स्टेज
• टॉयलेट और बाथरुम की सुविधा • कॅटरर्स को खाना बनाने के लिए अलग से रसोई घर
• भोजन के लिए अलग से फुड एरिया • कॅटरर्स, डेकोरेटर्स और म्युझिक वगैरे के लिए उचित सुविधा
• फालना स्टेशन से नजदीक • शुद्ध शाकाहारी खाने के लिए ही दिया जायेगा
• बरातियों के ठहरने की सुविधा

## Parekh Group of Companies

PAREKH GROUP OF COS (M/s. RGP LIFESPACES PVT. LTD.)

• M/s. RGP LIFESPACES PVT. LTD. • M/s. RGP LIFESPACES DEVELOPERS LLP
• M/s. PAREKH TRANSPORT GOODS & SERVICES LLP
• M/s. PAREKH INFRAPROJECT • PRESIDENCY SCHOOL

(Khudalawala Falna - Thane)

**Registered Office : Durga Niwas CHS Ltd, Grd Flr No. 1, Near Jain Temple and Lenskart Showroom, Tembhi Naka, Thane (W) - 400601, Email : rgplifespaces@gmail.com**

**Parekh Building, Opp. Choudhary Umbrella, Next to Bharat Gas, Subhash Road, Falna (Raj.) - 306116**
**Contact No. : 022-21721800, Mob.: + 91 7021022066 / 9602097263**

# || पंचम पुण्यतिथि पर सादर श्रद्धासुमन ||



जन्म
30 सितम्बर 1942

महाप्रयाण
9 फरवरी 2020

## स्व. श्री घीसूलालजी धनराजजी राठौड़ (बदामिया)

### सादड़ी (राणकपुर)

पिता जीवन है, शक्ति है, पिता सृष्टि के निर्माण की अभिव्यक्ति है
पिता की कमी को कोई पूरा नही कर सकता
और ईश्वर भी उनके आशीषों को काट नही सकता
आपका आशिर्वाद एवं स्नेह सदैव बना रहे।

**श्रद्धावनत**

धर्मपत्नी : श्रीमती पंपूबेन राठौड़

प्रदीप - संगीता राठौड़
पंकज - बबिता राठौड़
गौरव - रूचि राठौड़

मालविका राठौड़
आर्यवीर राठौड़
अविरा राठौड़

प्रीति - मुकेश ललवानी
करिश्मा - हर्ष पारेख
स्नेहा - जीगर अजमेरा

वेद अजमेरा   रयान पारेख

राठौड़ (बदामिया) परिवार, रिश्तेदार, मित्रगण एवं सेलो परिवार

cello

*Cello Group Of Companies*

# हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे की जयंती पर 'बीच वॉकथॉन 2025' का आयोजन

शताब्दी गौरव

मुंबई। शिवसेनाप्रमुख हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे के विचारों और कार्यों को श्रद्धांजलि देने के लिए शिवसेना युबीटी अंधेरी पश्चिम विधानसभा और सदभावना सेवा समिति मुंबई द्वारा आयोजित वॉक फॉर हिंदुहृदयसम्राट 'बीच वॉकथॉन 2025' संपन्न हुआ। जुहू चौपाटी के सुंदर वातावरण में आयोजित इस वॉकथॉन को नागरिकों ने जबर्दस्त उत्साहवर्धन किया। बीच वॉकथॉन का शुभारंभ शिवसेना नेता और विभाग प्रमुख एड. अनिल परब, वर्सोवा विधायक हारून खान एवं शिवसेना उपनेता अमोल कीर्तिकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथियों ने बालासाहेब ठाकरे के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल उनके



विचारों को अगली पीढ़ी तक पहुंचाने में सहायक होगी। अतिथियों ने आयोजकों की सराहना की।

पिछले छह वर्षों से नियमित रूप से आयोजित होने वाले इस वॉकथॉन में जुहू एरोबिक और योगा ग्रुप, जुहू वेलफेयर ग्रुप, स्थानीय वॉकर्स, जॉगर्स और निवासियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस आयोजन में खास बात यह रही कि बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों तक, हर आयु वर्ग के लोगों ने इसमें भागीदारी की। हर साल की तरह इस बार भी इस वॉकथॉन का आयोजन विधानसभा संघटक संजय मानाजी कदम और विधानसभा समन्वयक सुनील जैन खाबिया द्वारा किया गया। उनकी संकल्पना और अथक मेहनत से इस कार्यक्रम को एक विशेष ऊंचाई प्रदान की। उनके नेतृत्व में बीच वॉकथॉन शिवसैनिकों और स्थानीय नागरिकों के लिए प्रेरणादायक और यादगार क्षण बनता है। बीच वॉकथॉन का उद्देश्य केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना ही नहीं, बल्कि बालासाहेब ठाकरे के प्रेरणादायी विचारों को जन-जन तक पहुंचाना भी है। समुद्र किनारे टहलने का आनंद लेते हुए, प्रतिभागियों ने 'हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे' के नेतृत्व और कार्यों का सम्मान किया। कार्यक्रम के अंत में वॉकथॉन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इस वॉकथॉन के माध्यम से हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे के कार्यों को श्रद्धांजलि दी गई। विधानसभा समन्वयक सुनील जैन खाबिया ने कहा कि हम हिंदुहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे के विचारों को अगली नई पीढ़ी तक पहुंचाने का संकल्प लेते हैं।

# बिजोवा रेलवे फाटक मामाजी मंदिर मे हुई चोरी : पुलिस ने किये 5 अभियुक्त गिरफ्तार



रानी। चुनाराम जाट आईपीएस पुलिस अधिक्षक जिला पाली द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार बिजोवा रेलवे फाटक के पास स्थित मामाजी मंदिर पर हुई चोरी की वारदात का रानी पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए इसमें शामिल पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गिरोह का सरगना पुलिस गिरफ्त से बाहर है उसकी तलाश जारी है। रानी थानाधिकारी पन्नाराम प्रजापत ने बताया की 11 व 12 जनवरी को मध्य रात्रि में बिजोवा रेलवे फाटक पर स्थित मामाजी मंदिर पर 65 वर्षीय पुजारी बिजोवा निवासी नवाराम देवासी के साथ धारदार हथियारों से मारपीट कर सोने के फूल, हाथों में पहने चांदी के कड़े, बटुआ, मोबाइल फोन लुटने के साथ ही मंदिर के गल्ले तिजोरी आदि से नकदी चुराकर फरार हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आने जाने रास्तों पर निगरानी के साथ साथ लगातार दबिश के बाद नाणा थाना क्षेत्र के पहाड़ी के जंगल क्षेत्र से वारदात में शामिल भरत कमलाराम (20), भरत कानाराम (20), बदाराम दानाराम (21), भारता राम चुनाराम (27), कुसाराम तीसाराम (20) को गिरफ्तार किया गया, गिरोह का मुख्य सरगना भैराराम सोनाराम फरार हो गया, इन चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस अधिक्षक द्वारा 15 हजार का इनाम रखा गया था। पुलिस वृताधिकारी राजेश यादव के निर्देशन में इस संगठित चोर गिरोह को गिरफ्तार करने में रानी, बाली, नाणा थाना प्रभारी व दर्जनों कांस्टेबलों का मुख्य योगदान रहा।

- **अभियुक्त मंदिरों को ढूंढने के लिए गूगल मैप का सहारा लेते थे, जहां मंदिर में पहुंच कर मंदिर की रैकी कर मंदिर में रखी कीमती सामग्री, नकदी, तिजोरी व गल्ले के स्थान की सटीक जानकारी जुटाकर रात्रि में चोरी की वारदात करते थे।**
- **पुलिस ने बताया कि फरार गिरोह का सरगना भैराराम सोनाराम अव्वल दर्जे काम नकबजन रह चुका है जो हर बार चोरी में नये नये लड़कों को शामिल कर वारदात करता था।**
- **संगठित गिरोह के रूप में चोरी की वारदात करने में व्यवधान पहुंचाने पर उसे दूर करने के लिए धारदार हथियार तलवार, गंडासा, लोहे के सरिए सहित साथ रखते हैं जिससे वार कर फरार हो सके।**
- **इस संगठित गिरोह ने अभी तक पाली, जालोर सिरोही में एक दर्जन से अधिक वारदात को अंजाम दिया है, पुलिस का मानना है की ओर भी चोरी के राज खुलने की संभावना है, चोरी के मुख्य सरगना ने रानी खीमावत चैरिटेबल ट्रस्ट में चोरी कर लाखों के जेवरात चुरा लिए थे। जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर बरामद किए थे।**



# वर्ल्ड जैन कॉन्फ्रेंस एव श्री महावीर जैन विद्यालय द्वारा चौथा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न

शताब्दी गौरव

अहमदाबाद। वर्ल्ड जैन कॉन्फ्रेंस एव श्री महावीर जैन विद्यालय के सयुक्त तत्वाधान में चार सह-आयोजकों के सहयोग से, चौथा अंतर्राष्ट्रीय जैन सम्मेलन गणमान्य लोगों की उपस्थिति में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रकाश फाउंडेशन के चैयरमेन प्रकाश कानूगो ने शताब्दी गौरव को जानकारी देते हुए बताया कि इस सम्मेलन में कुल 45 विद्वानों ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये थे। ये विद्वान अमेरिका, ब्रिटेन और भारत से भी थे। अहमदाबाद शहर की महापौर श्रीमती प्रतिभाबेन जैन, गुजरात विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. नीरजा गुप्ता और नालंदा विश्वविद्यालय के अंतरिम कुलपति प्रो. अभय कुमार सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई। समारोह की शोभा बढ़ाने के लिए दिल्ली से परमपूज्य लोकेश मुनि भी पधारे थे। समारोह में जैना (यूएसए) के बिंदेश शाह, विश्व जैन परिसंघ (मुंबई) के श्रेयसभाई दोशी, महावीर जैन विद्यालय के हसमुख गढ़ेचा और श्रुत रत्नाकर के जितेंद्र शाह भी उपस्तिथ थे। इन चारों अतिथियो ने अपने-अपने संस्थानों का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में अहमदाबाद के समाज सेवी कुशल भंसाली भी विशेष रूप से उपस्तिथ थे। परमपूज्य लोकेश मुनि ने पंडित टोडरमल और भामाशाह के योगदान की चर्चा करते हुए संदेश दिया था कि सभी जैनियों को फिर से गौरव प्राप्त करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए।

पूज्य आचार्य श्री रत्नाचलसूरिजी ने जैनियों के योगदान के बारे में भी विशेष उल्लेख करते हुए कहा था कि जो योगदान एस.एन. बोस और जगदीश चंद्र बोस ने किया था, उसके बारे में जैन धर्म ने हजारों साल पहले कहा था। इतिहास में वर्णित इन सभी बातों के बारे में जानना हम सभी के लिए सार्थक है। इसलिए, हम अपनी विरासत पर गर्व महसूस कर सकते हैं और उसी विरासत को अपने उत्तराधिकारियों को सौंप सकते हैं। दो दिवसीय सम्मेलन के दौरान तीन सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये गये। प्रथम दिन शाम विश्व प्रसिद्ध संगीतकार सिद्धार्थ कश्यप और उनके समूह ने अपने जैन भक्ति गीतों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सुबह, चेन्नई से आई रेशमा भंडारी और रमा देवी द्वारा दक्षिण भारत में, विशेष रूप से तमिलनाडु में जैन धर्म की महिमा विषय पर फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

दोपहर में पंडित के जीवन पर आधारित एकालाप 'मासी नो विरलो' का आयोजन किया गया। वीर विजय का अभिनय श्रीमती अर्चना शाह ने किया। अंतिम दिन शाम को समापन समारोह में रत्नमणि ग्रुप के चैयरमेन प्रकाशभाई उपस्थित थे। गच्छाधिपति पूज्य राजशेखरसूरिजी महाराज साहेब भी इस समारोह के साक्षी बने और अपनी दिव्य उपस्थिति से समारोह की शोभा बढ़ाई। सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। दोनों दिन सभी ने आनंदपूर्वक आनंद उठाया।


ADN
THE MARK OF GUARANTEE & CREATION
Aradhana
JEWELLERS PVT. LTD.
WE HAVE RELOCATED
Expanding to serve you better
Office no. 201, 2nd Floor, ADN House, Bldg no. 157/165, Sheikh Memon Street, Zaveri Bazar, Mumbai - 400002.
9820604171 / 9820204171
eMail : aradhanakirti@gmail.com | www.aradhanajewellers.com

# मुंबई के कांदिवली में संपन्न हुआ सन टू ह्यूमन का छह दिवसीय शिविर

## साधनों से नहीं, साधना में है जीवन की सार्थकता - परम आलय



करीब पांच हजार लोगों ने सीखे स्वस्थ्य जीवन शैली के सूत्र

मुंबई। हर कोई भाग रहा है साधनों के लिए, सुविधाओं के लिए। साधनों अथवा पदार्थों को संग्रहित करने की दौड़ में हम जीवन का मूल लक्ष्य भूल गए। जीवन में यदि साधना नहीं है अर्थात कसावट वाला जीवन नहीं है तो साधनों का भी हम सही तरीके से उपयोग नहीं कर सकते। बस उन्हें इकट्ठा किए जाते रहते है बिना लक्ष्य के। यह बात सन टू ह्यूमन के प्रणेता परम आलय ने मुंबई के कांदिवली इलाके के ठाकुर विलेज स्थित बीएमसी ग्राउंड में आयोजित छह दिवसीय नए दृष्टिकोण वाले शिविर में कही। अंतिम तीन दिन में मन और चेतना के सूत्रों को प्रयोगों द्वारा समझाते हुए परम आलय ने कहा कि पदार्थों को एकत्र करना भी जरूरी है, सुविधाएं, साधन सभी चाहिए लेकिन उससे पहले उसका सार्थक उपयोग करना तो सीखे और सार्थक उपयोग की टेक्नीक जीवन को साधनामय बनाने से ही सीखी जा सकती है। सम्यक आहार, सम्यक




